अमर उजाला
बरेली
शनिवार, 2 मई 2020

PAGE NO. 05 : MIDDLE

अब यू ट्यूब पर पढ़ाई कराएगा बरेली कॉलेज

बरेली। बरेली कॉलेज में ऑनलाइन यू ट्यूब चैनल शुरू किया गया है। इसके बनने से अब न केवल छात्रों के साथ प्राचार्य व कॉलेज स्टाफ सीधे संवाद कर सकेंगे, बल्कि ऑनलाइन पठन-पाठन में भी इससे खासी मदद मिलेगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग मोहन भटनागर ने बताया कि अब सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के अपने यू ट्यूब चैनल बन रहे हैं। इसमें शिक्षक अपनी क्लास के लेक्चर की रिकार्डिंग आदि कर शेयर कर रहे हैं, जिससे ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल की उपलब्धता भी बढ़ रही है। वहीं, नैक द्वारा महाविद्यालय की ग्रेडिंग के दौरान भी इसे महत्व दिया जा रहा है। ब्यूरो